महत्वपूर्ण एवं खास

कार और ट्रक में हुई टक्कर मासूम बच्चे की मौत

बालोद (आरएनएस)। डौंडी थाना क्षेत्र के मनकुवर चौक के पास बीती रात एक बड़ा हादसा देखने को मिला। बता दे कि इस हादसे में एक तेज रफ्तार कार खड़ी ट्रक से जा टकराई। जिसमे 10 साल के मासूम की मौत हो गई है। वहीं 3 लोग गंभीर रुप से घायल हैं। दरअसल, डौंडी विकास खण्ड के बीटाल गांव के रहने वाला एक परिवारिक किसी पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरन मनकुवर चौक के पास उनकी कार एक खड़ी ट्रक से जा टकराई। जिसमें 10 साल के मासूम की मौत हो गई। साथ ही मासूम की मां समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कार में कुल 5 लोग सवार थे। घायलों को दल्लीराजहरा शहीद अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भिलाई रेफर कर दिया गया है। डौंडी थाने से मिली सूचना के अनुसार कार क्रमांक ष्द 24 श्र 2138 भानुप्रतापपुर की तरफ से किसी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रही थी। उसी दरमियान कार अनियंत्रित होकर मनकुवर चौक के पास पटेल ढाबा के आगे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में मासूम विकास कोरेटी पिता संकुर कोरेटी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता सीआरपीएफ के जवान हैं। जो अभी ड्यूटी पर हैं।

देखते ही देखते चित्रकूट जल प्रपात से कूद गई युवती

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक चित्रकोट जलप्रपात से एक युवती ने छलांग लगा दी. जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. इस मामले को लेकर डीएसपी पंकज ठाकुर ने बताया कि युवती 2 बजे कूदी है, अभी तक उसका कोई पता नही चल सका है. गोताखोर की टीम ढूंढने में लगी हुई है. पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद है।

पेड़ काटकर नक्सलियों ने हाइवे पर किया आवागमन बाधित

गरियाबंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में माओवादियों ने पेड़ काटकर नेशनल हाइवे जाम कर दिया है। नक्सलियों ने बैनर पोस्टर चस्पा कर एक दिवसीय बंद का आव्हान किया है। बताया जा रहा है कि ओडिशा राज्य कमेटी ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने धुरवागुड़ी-बुडगेलटप्पा के बीच नेशनल हाइवे 130 सी को पेड़ गिराकर जाम कर दिया है। साथ ही बैनर पोस्टर लगाकर एक दिवसीय बंद का आव्हान किया है और पुलिस की दमनकारी नीति और पुलिस कैम्पों का विरोध कर रहे हैं। नेशनल हाईवे जाम होने से आवागमन के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है।

एटीएम मशीन तोड़ा, पैसे निकलता इसके पूर्व पहुंच गई पुलिस धर दबोचा, आरोपी पंकज राजपूत को

कवर्धा (आरएनएस)। थाना में दिनांक 19.05.2022 को प्रार्थी इमरान मेमन पिता अब्दूल रज्जाक द्वारा सूचना दी गई कि उसके घर के सामने लगे इंडिया वन एटीएम मशीन मे कोई अज्ञात व्यक्ति काफी देर से घुसा हुआ है जिसकी गतिविधिया संदिग्ध लग रही है। सूचना पर तत्काल थाना पेटोलिग टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति एटीएम के अंदर लगे मशीन को चोरी करने के नियत से तोडफोड कर रहा था, जिसे मौके पर हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम पंकज राजपूत साकिन सहसपुर का होना बताया और एटीएम के पैसे चोरी करने के नियत से एटीएम मे तोडफोड करना बताये लिहाजा आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 156/2022 धारा 379,511,427 भादवि पंजीबद्व कर आरोपी को विधिसंगत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना सहस पुर लोहारा क्षेत्र के आमजन की सर्तकता एंव लोहारा पुलिस के त्वरित कार्यवाही से गंभीर अपराध घटित करने से पहले ही आरोपी को रंगे हाथ पकडा गया ।

पिता को नक्सलियों ने गांव से भगाया, बेटे ने देश में मान दिलाया

- अबूझमाड़ से निकलकर 12 साल के राकेश ने जीती राष्ट्रीय मल्लखंभ प्रतियोगिता
- गिनीज बुक आफ रिकार्ड के नामांकन राशि के लिए मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को दिए निर्देश
- इंडिया बुक आफ रिकार्ड में शामिल हुआ नाम
- पहले और दूसरे दोनों स्थान पर अबूझमाड़ के खिलाड़ी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुदूर गांव अबूझमाड़ के रहने वाले 12 साल के राकेश वर्दा को चार साल पहले अपने पिता के साथ ओरछा गांव छोडऩा पड़ा था. बेटे की खेल में रूचि को देखते हुए नक्सलियों ने पिता को धमकी दी ओर बेटे को खेलना बंद करने को कहा. ऐसा ना करने पर नक्सलियों ने राकेश के पिता को गांव छोडऩे को कहा. पिता ने बेटे की रुचि को प्राथमिकता दी और उसे कुतुलगरपा गांव ले आए. यहां 8 साल के राकेश वर्दा को छत्तीसगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स में काम करने वाले मनोज प्रसाद मिले जो मल्लखंब के प्रशिक्षक हैं.

नई जगह में राकेश के जज्बे को एक नई रौशनी मिली और महज 12 वर्ष की उम्र में राकेश ने महाराष्ट्र के गोरेगांव में आयोजित राष्ट्रीय मल्लखंब हैंडस्टैंड प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया. राकेश ने 1 मिनट 6 सेकेंड तक हैंडस्टैंड करते हुए न सिर्फ विजेता का खिताब जीता बल्कि भारत और विश्व के लिए एक नया कीर्तिमान भी स्थापित कर दिया. इससे पहले भारत का बेस्ट रिकार्ड 30 सेकेंड का था.

मल्लखंभ हैंडस्टैंड प्रतियोगिता के लिए देश भर के 1000 खिलाड़ी शामिल हुए थे. खास बात ये है कि दूसरा स्थान भी अबूझमाड़ के रहने वाले 11 साल के

राजेश कोर्राम ने प्राप्त किया. इस प्रदर्शन के साथ ही राकेश का नाम इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स में दर्ज हो गया है. राकेश ने इस प्रदर्शन के लिए गिनीज बुक आफ वल्र्ड रिकार्ड के लिए भी आवेदन किया है जिसे स्वीकार कर लिया गया है. लेकिन इस आवेदन के लिए जरूरी 80 हजार रूपए की फीस भर पाने में राकेश समर्थ नहीं है. राकेश की इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री ने हाथ मिलाकर उसे बधाई दी और गिनीज बुक आफ रिकाड्र्स के नामांकन में राकेश की मदद के लिए मुख्यमंत्री ने कलेक्टर नारायणपुर को निर्देश दिए.

राष्ट्रीय मल्लखंब हैंडस्टैंड प्रतियोगिता जीतने वाले राकेश वर्दा समेत छत्तीसगढ़ के 10 खिलाडिय़ों का चयन हरियाणा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया प्रोग्राम के लिए किया गया है. अबूझमाड़ के जंगलों से निकलकर देश में पहचान बनाने वाले 12 साल के राकेश वर्दा के प्रदर्शन से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवांवित है.

मुख्यमंत्री ने चौपाल में कहा कि अभी अस्पताल देखा, देवगुड़ी में सुख शांति की कामना की। आवर्ती चराई की 25 एकड़ की चराई योजना देखी।

भोलाराम जी के घर भोजन किया।

आप लोगों के बीच आकर बहुत खुश हूं।

हम लोग गरीबों के लिए, ग्रामीणों के लिए योजना बनाते हैं। हमारा मकसद यह जानना है कि आपको इनका लाभ मिल रहा है अथवा नहीं।

मर्दापाल में सरई के वृक्षों के बीच छिंद और जामुन की पत्तियों से बने छप्पर के नीचे लगी है मुख्यमंत्री की चौपाल

मांझी मुखिया ने किया स्वागत, मुख्यमंत्री को बांधी पगड़ी

मर्दापाल जनचौपाल में माझी और चालकी ने पगड़ी बांधकर किया मुख्यमंत्री का सम्मान

एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन पीढ़ी से मैं निवास कर रहा हूँ,स्थानीय गैर आदिवासी हूँ, लेकिन अब तक वनाधिकार पट्टा नही मिला है, जिस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

भेंट मुलाकात के दौरान किसान ने कहा आपके आने से उम्मीद थी, जिसे आपने साकार कर दिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोरोना जैसे कठिन समय मे भी हमने हितग्राहीमूलक योजनाओं से मिलने वाले लाभ ग्रामीणों को दिए।

उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर 2005 से पहले के रहवासियों को नियमानुसार पट्टा मिलेगा, उन्होंने क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा है कि नियमानुसार कोई भी पात्र हितग्राही का वनाधिकार पट्टा नहीं चूकना चाहिए।

अवैध उत्खनन-परिवहन पर खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाई, खनिज कोयला के चार ट्रक और दो पिकअप वाहन जब्त

- 0 कलेक्टर साहू के निर्देशन में खनिज के अवैध खनन-परिवहन पर लगातार हो रही कार्रवाई

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतर्क होकर लगातार निगरानी की जा रही हैं। अवैध उत्खनन-परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमला द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कोयला के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर चार ट्रक और

दो पिकअप वाहन को जप्त करने की कार्रवाई की गई। खनिज अमला द्वारा 18 मई की रात्रि गेवरा, कुसमुण्डा, चैनपुर, मलगांव, मानिकपुर तथा करतला क्षेत्रो का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कुल छ: वाहनों में कोयला खनिज का अवैध परिवहन करते पाया गया। कोयला के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए इन वाहनो को जप्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रानू साहू ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कडी निगरानी रखते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। उपसंचालक खनिज प्रशासन एस.एस. नाग ने बताया कि प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं अन्य माध्यम से खनिजों के अवैध उत्खनन की प्राप्त शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन की शिकायतें प्राप्त होने पर खनिज अमला द्वारा छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 18 मई को कोयला के अवैध परिवहन में संलग्न छ: वाहनो को जप्त किया गया है।

खाकी के रंग स्कूल के संग कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मिले बच्चों से

- सायबर क्राइम एवं सामान्य कानून की दी गई जानकारी

कोरबा। खाकी के रंग स्कूल के संग' कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल द्वारा 18 मई 2022 को राजीव गांधी ऑडिटोरियम टीपी नगर कोरबा में तैराकी सीख रहे स्कूली बच्चों से मुलाकात कर जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं निडरता के साथ कार्य करते हुए जीवन में आगे बढऩे की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर भोजराम पटेल ने बच्चों की तुलना भगवान से करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान की प्रतिमा सुकोमल और चेहरे पर मुस्कान होती है वही रूप बच्चों का भी होता है। बच्चों को उच्च आदर्शो के साथ साथ कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए अपने जीवन में उच्च शिखर को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर बच्चों को तैराकी की शिक्षा देने वाले कोच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान एवं बचाव के तरीके बताए गए साथ ही बाल अपराध एवं गुड टच बैड टच के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में भोजराम पटेल के साथ रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा, महिला सेल प्रभारी निरीक्षक गायत्री शर्मा, सुबेदार भुनेश्वर कश्यप, उपनिरीक्षक कृष्णा साहू सहित अन्य स्टाफ एवं बच्चों के परिजन उपस्थित थे।

सात साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ाया

कोरबा। जिले में पुलिस अधिक्षक भोजराम पटेल के द्वारा वारंटों को तमिल करने का विशेष अभियान चलाने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। थाना दर्री में इन निर्देशों के परिपालन में सतत वारंटीयों को पकड़ कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दर्री पुलिस के द्वारा 7 साल से फरार स्थाई वारंटी लक्षमण सिंह पिता पद्मन सिंह निवासी कलमी डुग्गू,जो मारपीट के एक प्रकरण में वर्ष 2015 से फरार था, और जिसके लिए माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंत जारी किया गया था। उसे रायगढ़ जिले से पकडऩे में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि माननीय मजिस्ट्रेट नेहा उसेंडी कटघोरा के न्यायालय के आपराधिक प्रकरण क्रमांक 1787/15 के मामले का आरोपी लक्षमण सिंह विगत 07 वर्षो से फरार था। जिसके संबंध में सूचना प्राप्त हुई, की उक्त वारंटी छाल जिला रायगढ़ में अपनी रिश्तेदारों के यहां छुपकर रह रहा है। सूचना पर दर्री पुलिस की टीम ने थाना छाल पुलिस से संपर्क करके वारंटी को उनके सहयोग से पकडक़र लाने में सफलता प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पार चलाए जा रहे वारंट तामिली अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और बेच दर्री सुश्री लितेश सिंह के मार्गनिर्देशन में दर्री पुलिस के द्वारा विगत दो माह में ये तीसरा स्थाई वारंट तामील किया गया है। इस वारंटी को पकडऩे में आरक्षक रामस्वरूप कश्यप, शीतला उइके सैनिक हिमांशु तिवारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

देसी कट्टा एवं चाकू के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि अवैध गतिविधियों पर संलग्न लोगों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करें गुंडागर्दी दहशतगर्दी एवं आदतन अपराधियों पर लगातार कार्यवाही करें। इसी तारतम्य में 19 मई 2022 को दौरान टाउन पेट्रोलिंग मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि लाफा चौक के पास तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ अवैध हथियार देसी कट्टा एवं चाकू के साथ लोगों को एवं आने जाने वालों को डरा

धमका रहे हैं तथा दहशत फैला रहे हैं की सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही पर मौके पर पुलिस स्टाफ एवं गवाहों के जाकर तस्दीक करने पर तीन व्यक्तियों के द्वारा आपस में हथियार लहरा कर आने जाने वालों को डरा धमका कर गुंडागर्दी दहशतगर्दी फैला रहे थो उक्त व्यक्तियों को पुलिस स्टाफ एवं गवाहों के घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमश: श्याम लाल सिंह पिता लक्ष्मण सिंह गौड़ उम्र 27 वर्ष दादर निवासी थाना पाली, विनय कुमार पिता समर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी गोपालपुर थाना दर्री एवं शीतल दास पिता कनकदास उम्र 27 वर्ष निवासी कुंडा खोल थाना रतनपुर हाल मुकाम अटल आवास दरी का निवासी होना बताएं

उक्त व्यक्तियों से अवैध हथियार रखने एवं एवं लोक स्थान सार्वजनिक स्थान पर अवैध हथियार लहराने के संबंध में वैद्य लाइसेंस अनुमति पत्रक आदि पेश करने नोटिस दिया जोकि कोई भी दस्तावेज नहीं होना लिखित में देने पर आरोपियों से मौके पर एक नग देसी कट्टा एवं एक नग धारदार बड़ा चाकू जप्त किया गया है आरोपियों के विरुद्ध लोगों को डराने धमकाने दहशत फैलाने तथा अवैध हथियार लहराने का घटना करना सबूत पाए जाने से 19 मइ्र 2022 को मौके पर गिरफ्तार कर धारा 25,27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक क्रमांक 377 हीरावन, आरक्षक शैलेंद्र कुमार, राजेश राठौर, जगजीवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सभी वार्डों में लगे समाधान शिविर: नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष नेता हितानंद अग्रवाल ने नगर पालिक निगम केआयुक्त, जिलाधीश एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को दिया पत्र। ज्ञात हो कि सरकार तुहर द्वार नामक योजना के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड से समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं। जिनका अलग-अलग स्थानों पर समाधान शिविर लगाकर निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। परंतु एक ही समाधान शिविर में तीन से चार जोन के लोगों को बुलाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना संभव नहीं दिखता। क्योंकि प्रत्येक जोन से हजारों की संख्या में आवेदन आएंगे एवं प्रत्येक जोन में कई वार्ड आते हैं। समाधान शिविर की दूरी भी काफी मायने रखती है।

इसी प्रकार बालको जोन, कोसाबाड़ी जोन एवं रविशंकर शुक्ल नगर जोन का समाधान शिविर विद्युत गृह स्कूल सीएसईबी में रखा गया है। जिसमें बालको नगर जोन की दूरी 15 से 20 किलोमीटर होने के कारण वहां के लोगों का समाधान शिविर पहुंचना काफी मुश्किल

एवं कष्टप्रद होगा। इसी विषय पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने पत्र दिया। जिसमें उन्होंने लिखा कि सरकार तुंहर द्वार योजना अंतर्गत प्रत्येक वार्ड से कई सौ लोगों के आवेदन लिए जा रहे हैं। इस प्रकार प्रत्येक जोन से हजारों की संख्या में आवेदन आने निश्चित हैं। उक्त योजना का समाधान शिविर विद्युत गृह स्कूल सीएसईबी कॉलोनी में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें 3 जोन (कोसाबाड़ी जोन, रविशंकर शुक्ल नगर जोन एवं बालको जोन) से आए सभी आवेदनों का समाधान किया जाना है। प्रत्येक जोन में 8 से 9 वार्ड आते हैं। तीनों जोन के कुल 26 वार्डों के हजारों आवेदनों की समस्याओं का समाधान होना एक ही स्थान पर कैसे संभव है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

खदान से खुलेआम कोयला चोरी, आई.जी. ने दिया जांच का आदेश

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सैकड़ों ग्रामीण इन दिनों साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स एस ई सी एल की कोयला खदानों से प्रतिदिन हजारों टन कोयले की संगठित तरीके से चोरी कर रहे हैं। इन्हें न तो एसईसीएल सुरक्षा बलों का डर है और न ही पुलिस प्रशासन का ख़ौफ़ एसईसीएल प्रबंधन और खदान के भीतर काम करने वाले अधिकारी भी मूक दर्शक बनकर अपनी आँखों के सामने दिन दहाड़े कोयला खदान में घुसकर कोयला चोरी होते देखते रहते हैं। इस सम्बंध में सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर आई जी रतनलाल डांगी ने मामले की जांच का आदेश जारी किया है।

यह नजारा है कोल इंडिया की छत्तीसगढ़ में स्थापित सहायक कम्पनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर की कोरबा जिले में संचालित एशिया की सबसे बड़ी खुली कोयला खदान गेवरा का। आप देख रहे हैं कि सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष, युवक युवती कोयला खदान के भीतर कोयला खनन कर रहे हैं और कतारब होकर बोरियों में भरे कोयले को खदान से बाहर ले जा रहे हैं। खदान में एस ई सी एल के कर्मचारी भारी मशीन चलाते भी नजर आ रहे हैं, लेकिन ग्रामीण बेख़ौफ़ होकर उनकी नजरों के सामने कोयला चोरी कर खदान से बाहर जा रहे हैं।

खास बात यह है कि कोयला खदान की सुरक्षा के लिए कोरबा जिले की गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, सराईपाली, सुराकछार, रजगामार, मानिकपुर, बांकीमोंगरा में सी आई एस एफ और त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र बल तैनात हैं। सभी खदानों में सैकड़ों कर्मचारी और अधिकारी पदस्थ हैं। खदान प्रबंधन के ऊपर मुख्य महाप्रबंधक पदस्थ हैं। कोरबा की खदानों से केवल 80 किलो मीटर दूर बिलासपुर में एसईसीएल का मुख्यालय है। एसईसीएल के सी एम डी हर सप्ताह इन खदानों के प्रवास पर आ रहे हैं। इसके बाद भी कोयला चोरी पर रोक नहीं लग रही है। प्रतिदिन हजारों टन कोयले की खुलेआम चोरी कर छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश में सडक़ मार्ग से भेजकर खपाया जा रहा है।

इस मामले में पूर्व आई ए एस और भारतीय जनता पार्टी के नेता ओ पी चौधरी ने ट्विटर पर वीडियो शेयर कर पी एम ओ सहित केन्द्रीय मंत्रियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। इसके बाद से जिले में खलबली मची हुई है। आई जी बिलासपुर रतनलाल डांगी ने 19 मई 2022 को एक आदेश जारी कर वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है। बिलासपुर रेंज के आई जी रतनलाल डांगी ने मामले की जांच के लिए एंटी क्राइम एन्ड सायबर यूनिट बिलासपुर के प्रभारी को जांच अधिकारी बनाया है। जांच अधिकारी यह तस्दीक करेंगे कि वायरल वीडियो किस जिले के किस खदान की है। इसके अलावा आई जी ने जांच के लिये कई बिंदु भी तय किये हैं जिनके तहत जांच अधिकारी जांच कर रिपोर्ट आई जी को प्रस्तुत करेंगे। आई जी द्वारा जारी निर्देशो के तहत जांच अधिकारी इस बिंदु पर जांच करेंगे कि लोगो को इतनी बड़ी संख्या में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान खदान में घुसने व कोयला ले जाने से क्यो नही रोक पा रहे। इसके अलावा एसईसीएल में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों व जिला पुलिस बल के बीच किस स्तर तक कैसा समन्वय है यह भी जांचेंगे। पूर्व में कोयला चोरी की कितनी रिपोर्ट एसीसीएल प्रबन्धन द्वारा थानों में की गई और उस पर पुलिस कार्यवाही की जानकारी भी जांच अधिकारी द्वारा ली जायेगी। कार्यवाही न होने की स्थिति में कार्यवाही न करने का कारण भी जांच रिपोर्ट में लिखना होगा। चोरी का कोयला खरीदने वाला सरगना कौन कौन है व वह आगे इसे किसे किसे बेच रहा है यह भी जांच करने के निर्देश आईजी ने दिए हैं। भविष्य में चोरी रोकने हेतु उठाये जाने वाले आवश्यक कदमो की भी जानकारी जांच प्रतिवेदन में मांगी गई है।